**DIVYA BHASKAR, Surat, 12.7.2023**
**Page No. 2, Size:(11.31)cms X (9.72)cms.**

**Preparing to bring 24 Shinkasen train sets of 10 coaches in bullet train project**

### હાઈ સ્પીડ રેલ કોર્પોરેશનને 11 હજાર કરોડનો પ્રસ્તાવ

# બુલેટ ટ્રેન પ્રોજેક્ટમાં 10 કોચની 24 શિંકાસેન ટ્રેનનો સેટ લાવવા તૈયારી

## ઓક્ટોબર મહિનાના અંત સુધીમાં ટેન્ડર પણ ભરાઈ તેવી શક્યતા

સિટી રિપોર્ટર | સુરત

508 કિ.મી. લાંબા અમદાવાદ-મુંબઈ હાઈ સ્પીડ કોરિડોર પરિયોજના હેઠળ 10-10 કોચ ની 24 ઈ-5 શિંકાસેન સિરીઝ બુલેટ ટ્રેન સેટ લાવવા માટે ની ક્વાયત કરાઈ રહી છે. પ્રત્યેક ટ્રેન ની યાત્રી ક્ષમતા 690 રહેશે. નેશનલ હાઈ સ્પીડ રેલ કોર્પોરેશન (એનએચએસઆરસીએલ) ને રૂપિયા 11 હજાર કરોડનો પ્રસ્તાવ (ઈન્વિટેશન ફોર પ્રપોઝલ) જારી કર્યો છે. ઓક્ટોબર ના અંત સુધીમાં ટેન્ડર પણ ભરાઈ તેવી શક્યતા છે.



ઈ-5 શિંકાસેન સિરીઝ બુલેટ ટ્રેનની સાંકેતિક તસવીર.

આ હાઈ સ્પીડ કોરિડોર યોજનામાં અત્યાર સુધીમાં 209 કિ.મી. થી વધુ રૂટ પર પિલર બનાવી દેવાયા છે. 70 કિ.મી. થી વધુ રૂટ પર ગર્ડર લોન્ચ કરી દેવામાં આવી છે. હવે બુલેટ ટ્રેન સેટ લાવવાની તૈયારી શરૂ કરી દેવામાં આવી છે. સુત્રો મુજબ હાઈસ્પીડ ની કુલ 24 ટ્રેન સેટ માટે આઈએફપી જારી કરવામાં આવ્યા છે. આગામી ઓક્ટોબર અંત સુધીમાં ઈચ્છુક કંપની બિડ જમા કરાવી શકશે.

**बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट**

# दौड़ेगी 10 कोच की बुलेट, शिंकासेन ट्रेन सेट लाने की तैयारी

**भास्कर विशेष** **हाई स्पीड रेल कॉरिडोरः** ट्रेन सेट की खरीदी के लिए आईएफपी जारी, अक्टूबर के अंत तक भरा जा सकता है टेंडर

लवकुश मिश्रा | सूरत

508 किमी लंबे अहमदाबाद-मुंबई हाई स्पीड कॉरिडोर परियोजना के तहत 10-10 कोच की 24 ई-5 शिंकासेन सीरीज बुलेट ट्रेन सेट लाने की तैयारी की जा रही है। प्रत्येक ट्रेन की यात्री क्षमता 690 की होगी। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन (एनएचएसआरसीएल) ने अनुमानित 11 हजार करोड़ का प्रस्ताव आमंत्रण यानी इन्विटेशन फॉर प्रोपोजल (आईएफपी) जारी कर दिया है। अक्टूबर के अंत तक इसका टेंडर भरा जा सकता है। इस संदर्भ में भास्कर ने एनएचएसआरसीएल के प्रवक्ता से बात की, पर उनकी ओर से फिलहाल कोई भी आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई।



## भारतीय बुलेट ट्रेन में होंगी ये प्रमुख विशेषताएं

- **320** किमी प्रति घंटे होगी सामान्य व अधिकतम रफ्तार
- **10** कोच के ट्रेन सेट में लगभग 690 यात्री क्षमता होगी
- **8** स्टैंडर्ड क्लास कार (3+2 सीटिंग),
- **1** बिजनेस क्लास कार (2+2 सीटिंग)
- **1** फर्स्ट क्लास सीटिंग कार (2+1 सीटिंग)
- **3.35** मीटर चौड़ी, 3.65 मीटर ऊंची व 255 मीटर लंबी होगा बुलेट ट्रेन सेट

## बुलेट ट्रेन में ये होंगी सुविधाएं

- बीमार व्यक्तियों तथा बच्चों को दूध पिलाने वाली महिलाओं आदि के लिए फोल्डिंग बेड
- सामान रखने की रेक, दर्पण के साथ बहुउद्देशीय कमरे
- आधुनिक शौचालय और वॉशरूम
- दिव्यांगजनों के लिए प्रावधानः व्हीलचेयर की जगह तथा अलग शौचालय और वॉशरूम मुख्य डिजाइन तकनीक
- यात्री केबिन में विशेष रूप से सुरंगों से गुजरते हुए, हवा के दबाव में बदलाव को कम करने के लिए एयर टाइट बॉडी और प्रेशराइज्ड केबिन
- सुरंग से बहार निकलते समय सूक्ष्म दबाव तरंगों के कारण उत्पन्न होने वाली ध्वनि को कम करने तथा उच्च गति ने लिए एयरोडिनामिक डिजाइन
- एल्युमीनियम से निर्मित कार बॉडी
- कारों, अंडरफ्रेम और रूफ माउंटेड उपकरण के बीच नॉइज नियंत्रण के उपाय
- स्वचालित सीट रोटेशन प्रणाली
- यात्रियों के आराम के लिए एक्टिव सस्पेंशन सिस्टम

**▪ टेंडर प्रक्रिया की प्राथमिक तैयारियां शुरू कर दी गई हैंः** अहमदाबाद-मुंबई हाई स्पीड कॉरिडोर परियोजना में अब तक 209 किमी से ज्यादा रूट पर पिलर खड़े किए जा चुके हैं। 70 किमी से ज्यादा रूट पर गर्डर लॉन्च करने का काम पूरा कर लिया गया है। अब बुलेट ट्रेन सेट लाने की कवायद के तहत टेंडर प्रक्रिया की प्राथमिक तैयारी शुरू कर दी गई है। सूत्रों ने बताया कि हाई स्पीड की कुल 24 ट्रेन सेट के लिए आईएफपी जारी कर दिया गया है। उसके बाद इसके लिए इच्छुक कंपनियां इस साल अक्टूबर के अंत तक बिड जमा करने की प्रक्रिया शुरू करेंगी।

**▪ भारतीय परिस्थितियों के अनुसार ट्रेन सेट में होगा बदलावः** अत्यधिक गर्म मौसम और भारतीय परिस्थितियों के अनुसार ट्रेन सेट में थोड़ा बदलाव किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि इस टेंडर में जापान की कंपनियों को भी मौका दिया जाएगा। कुछ जापानी कंपनियां इस तरह के ट्रेन सेट बनाती हैं। इनमें हिटैची रेल और कावासाकी हैवी इंडस्ट्रीज शामिल हैं। फिलहाल इन ट्रेन की कीमत क्या होगी, इसका कोई खुलासा अभी नहीं किया गया है।

**DAINIK BHASKAR, Delhi, 13.7.2023**
**Page No. 1, Size:(15.81)cms X (5.95)cms.**

**बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट**

# दौड़ेगी 10 कोच की बुलेट, शिंकासेन ट्रेन सेट लाने की तैयारी

**भास्कर विशेष** **हाई स्पीड रेल कॉरिडोरः** ट्रेन सेट की खरीदी के लिए आईएफपी जारी, अक्टूबर के अंत तक भरा जा सकता है टेंडर

लवकुश मिश्रा | सूरत

508 किमी लंबे अहमदाबाद-मुंबई हाई स्पीड कॉरिडोर परियोजना के तहत 10-10 कोच की 24 ई-5 शिंकासेन सीरीज बुलेट ट्रेन सेट लाने की तैयारी की जा रही है। प्रत्येक ट्रेन की यात्री क्षमता 690 की होगी। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन (एनएचएसआरसीएल) ने अनुमानित 11 हजार करोड़ का प्रस्ताव आमंत्रण यानी इन्विटेशन फॉर प्रोपोजल (आईएफपी) जारी कर दिया है। अक्टूबर के अंत तक इसका टेंडर भरा जा सकता है। इस संदर्भ में भास्कर ने एनएचएसआरसीएल के प्रवक्ता से बात की, पर उनकी ओर से फिलहाल कोई भी आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई।



## भारतीय बुलेट ट्रेन में होंगी ये प्रमुख विशेषताएं

- **320** किमी प्रति घंटे होगी सामान्य व अधिकतम रफ्तार
- **10** कोच के ट्रेन सेट में लगभग 690 यात्री क्षमता होगी
- **8** स्टैंडर्ड क्लास कार (3+2 सीटिंग),
- **1** बिजनेस क्लास कार (2+2 सीटिंग)
- **1** फर्स्ट क्लास सीटिंग कार (2+1 सीटिंग)
- **3.35** मीटर चौड़ी, 3.65 मीटर ऊंची व 255 मीटर लंबी होगा बुलेट ट्रेन सेट

## बुलेट ट्रेन में ये होंगी सुविधाएं

- बीमार व्यक्तियों तथा बच्चों को दूध पिलाने वाली महिलाओं आदि के लिए फोल्डिंग बेड
- सामान रखने की रेक, दर्पण के साथ बहुउद्देशीय कमरे
- आधुनिक शौचालय और वॉशरूम
- दिव्यांगजनों के लिए प्रावधानः व्हीलचेयर की जगह तथा अलग शौचालय और वॉशरूम मुख्य डिजाइन तकनीक
- यात्री केबिन में विशेष रूप से सुरंगों से गुजरते हुए, हवा के दबाव में बदलाव को कम करने के लिए एयर टाइट बॉडी और प्रेशराइज्ड केबिन
- सुरंग से बाहर निकलते समय सूक्ष्म दबाव तरंगों के कारण उत्पन्न होने वाली ध्वनि को कम करने तथा उच्च गति ने लिए एयरोडिनामिक डिजाइन
- एल्युमीनियम से निर्मित कार बॉडी
- कारों, अंडरफ्रेम और रूफ माउंटेड उपकरण के बीच नॉइज नियंत्रण के उपाय
- स्वचालित सीट रोटेशन प्रणाली
- यात्रियों के आराम के लिए एक्टिव सस्पेंशन सिस्टम

- **टेंडर प्रक्रिया की प्राथमिक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं:** अहमदाबाद-मुंबई हाई स्पीड कॉरिडोर परियोजना में अब तक 209 किमी से ज्यादा रूट पर पिलर खड़े किए जा चुके हैं। 70 किमी से ज्यादा रूट पर गर्डर लॉन्च करने का काम पूरा कर लिया गया है। अब बुलेट ट्रेन सेट लाने की कवायद के तहत टेंडर प्रक्रिया की प्राथमिक तैयारी शुरू कर दी गई है। सूत्रों ने बताया कि हाई स्पीड की कुल 24 ट्रेन सेट के लिए आईएफपी जारी कर दिया गया है। उसके बाद इसके लिए इच्छुक कंपनियां इस साल अक्टूबर के अंत तक बिड जमा करने की प्रक्रिया शुरू करेंगी।

- **भारतीय परिस्थितियों के अनुसार ट्रेन सेट में होगा बदलावः** अत्यधिक गर्म मौसम और भारतीय परिस्थितियों के अनुसार ट्रेन सेट में थोड़ा बदलाव किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि इस टेंडर में जापान की कंपनियों को भी मौका दिया जाएगा। कुछ जापानी कंपनियां इस तरह के ट्रेन सेट बनाती हैं। इनमें हिटैची रेल और कावासाकी हैवी इंडस्ट्रीज शामिल हैं। फिलहाल इन ट्रेन की कीमत क्या होगी, इसका कोई खुलासा अभी नहीं किया गया है।

NHSRCL
National High Speed Rail Corporation Ltd.

**DAINIK BHASKAR, Mumbai, 12.7.2023**

**Page No. 2, Size:(26.97)cms X (13.60)cms.**

## परियोजना: 10 डिब्बे वाली 24 ई-5 शिंकासेन सीरीज ट्रेन सेट लाने की तैयारी

# बुलेट ट्रेन लाने की कवायद शुरु, खरीद के लिए आईएफबी जारी

सुजीत गुप्ता | मुंबई

मुंबई-अहमदाबाद के बीच 508 किमी लंबा हाई स्पीड बुलेट ट्रेन परियोजना का काम तेजी से चल रहा है। अब तक 209 किमी से अधिक रूट पर पिलर खड़ा हो चुके हैं, जबकि 70 किमी से अधिक रूट पर गर्डर लांच करने का काम भी पूरा कर लिया गया है। अब नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) ने भारत में बुलेट ट्रेन सेट लाने की भी कवायद शुरु कर दी है। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। 11 हजार करोड़ की अनुमानित लागत से ई-5 शिंकासेन सीरीज के 24 ट्रेन सेट खरीदने के लिए एनएचएसआरसीएल ने प्रस्ताव आमंत्रण यानी इन्विटेशन फॉर बिड (आईएफबी) जारी किया है। भारत में साल 2026 में बुलेट ट्रेन सेट आएगा। इस संबंध में हाई स्पीड रेल के प्रवक्ता से संपर्क किया गया तो उनसे बात नहीं हो सकी।

## प्रत्येक ट्रेन सेट में 10-10 कोच होंगे



हाई स्पीड बुलेट ट्रेन के कुल 24 ट्रेन सेट के लिए आईएफबी जारी किया गया है। इच्छुक कंपनियों को अक्टूबर महीने के अंत तक बिड जमा करने का मौका दिया गया है। जानकारी के मुताबिक प्रत्येक ट्रेन सेट में कुल 10-10 कोच होंगे, जिसमें प्रत्येक ट्रेन की यात्री क्षमता 690 की होगी। रेल अधिकारियों का कहना है कि मौसम और भारतीय परिस्थितियों के अनुसार ट्रेन सेट में थोड़ा बदलाव किया जाएगा। टेंडर में जापान की उन कंपनियों को भी मौका दिया जाएगा, जो इस तरह के ट्रेन सेट बनाती हैं। इनमें हिताची रेल और कावासाकी हैवी इंडस्ट्रीज शामिल हैं। फिलहाल इन ट्रेनों की कीमत क्या होगी, इसका कोई खुलासा नहीं किया गया है।

## भारतीय बुलेट ट्रेन की ये होगी खासियत

- सामान्य- अधिकतम संचालन गति- 320 किमी/घंटा
- 10 कारों के ट्रेन सेट में लगभग 690 यात्रियों के बैठने की क्षमता
- 08 स्टैंडर्ड क्लास कार (3+2 सीटिंग), 1 बिजनेस क्लास कार (2+2 सीटिंग), 1 फर्स्ट क्लास सीटिंग का।र (2+1 सीटिंग)
- बुलेट ट्रेन सेट 3.35 मीटर चौड़ी, 3.65 मीटर ऊंची एवं 255 मीटर लम्बी होगी।

## ऐसे किया जा रहा सुविधाओं का समावेश

- बीमार व्यक्तियों तथा बच्चों को दूध पिलाने वाली महिलाओं के लिए फोल्डिंग बेड, सामान रखने की रैक, दर्पण आदि के साथ बहुउद्देशीय कमरे का प्रावधान
- आधुनिक शौचालय और वाशरूम
- दिव्यांगजनों के लिए प्रावधान : व्हीलचेयर की जगह तथा अलग शौचालय और वॉशरूम

## मुख्य डिजाइन तकनीक

- यात्री केबिन में विशेष रूप से सुरंगों से गुजरते हुए, हवा के दबाव में बदलाव को कम करने के लिए एयर टाइट बॉडी और प्रेशराइज्ड केबिन
- कारों, अंडरफ्रेम और रूफ माउंटेड उपकरण के बीच नॉइज नियंत्रण के उपाय
- स्वचालित सीट रोटेशन प्रणाली
- यात्रियों के आराम के लिए एक्टिव सस्पेंशन सिस्टम